सतना | शनिवार | 4 अक्टूबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 033 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

सतना 27वां वर्ष संस्करण



5 ट्रंप के टैरिफ से भारत को नहीं होगा नुकसान



6 मोटापे और कुपोषण से निपटने में सक्षम



7 पीपीपी में निजी क्षेत्र की दिलचस्पी बढ़ी



8 विश्व भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की हुई चांदी

# भारत का पाक को कड़ा संदेश

## बोले सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी - आतंकवाद बंद करे नहीं तो भूगोल से मिट जाएगा

**नई दिल्ली 03 अक्टूबर. राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया. उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा. जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं.**

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए. उन्होंने बताया कि यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता. इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर नौ लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें से सात सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए. जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य केवल आतंकियों को निशाना बनाना था, न कि आम पाकिस्तानी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना.



सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा. उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा. उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे.

### आतंकी बाज नहीं आए तो करेंगे तबाह

एयर चीफ मार्शल सिंह ने वायु सेना दिवस से पहले शुक्रवार को सालाना संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान में अपने ठिकाने भले ही कितनी दूर और कहीं भी बना लें भारतीय वायु सेना के पास उन्हें नष्ट करने की क्षमता है. उन्होंने कहा कि यदि आतंकवादी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते तो वायु सेना के विकल्प नहीं बदले हैं. हमारा विकल्प उनके ठिकानों को तबाह करने का ही रहेगा. भारतीय वायु सेना के नए ध्येय वाक्य भारतीय वायु सेना : अचूक, अभेद्य और सटीक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को कई संदेश दिए हैं. उन्होंने कहा कि यह



एक ऐसा युद्ध था, जो बहुत ही स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था और इसे बिना ज़्यादा समय गंवाए बहुत जल्दी समाप्त कर दिया गया. वायु सेना ने पाकिस्तान की ऐसी हालत कर दी, जहां वह युद्धविराम की मांग करने लगा. उन्होंने कहा कि भारत ने सैन्य कार्रवाई इसलिए भी रोकने का निर्णय लिया क्योंकि हमारे उद्देश्य पूरे हो गए थे.

### पीओके में मानव अधिकारों का घोर उल्लंघन : भारत

भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों को पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और संसाधानों की लूट का परिणाम बताते हुए कहा है कि पाकिस्तान को वहां मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि पाकिस्तानी सेना उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले निर्दोष नागरिकों पर बर्बर अत्याचार कर रही है और पाकिस्तान को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. प्रवक्ता ने कहा, हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना द्वारा निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है. हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों के संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं. पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए.

### पीओके में बातचीत का सहारा ले रही सरकार

**इस्लामाबाद/मुज्जफराबाद, 3 अक्टूबर.** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक सप्ताह से जारी विरोध प्रदर्शन और बढ़ती हिंसा के बीच शहबाज शरीफ सरकार ने आखिरकार झुकते हुए संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी से बातचीत शुरू कर दी है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बीते एक सप्ताह से जारी जनआंदोलन और हिंसा के चलते पाकिस्तान सरकार घुटनों पर आती नजर आ रही है। हज़ारों प्रदर्शनकारियों के सामने अब शहबाज शरीफ सरकार ने बातचीत का रास्ता अपनाने की कोशिश की है, लेकिन जनता की मांगें साफ हैं प्रतिबंध हटाओ, फिर बात होगी। इस बीच, सुरक्षाबलों की बर्बरता और संचार पाबंदियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान घिरता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों की मांगों के आगे मजबूर होकर सरकार ने इस्लामाबाद से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पीओके भेजा है। हालांकि, गुरुवार को हुई बातचीत अधिक देर नहीं चल सकी।

# पीएम मोदी आज करेंगे युवा केंद्रित योजनाओं की शुरुआत

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां युवा विकास की एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं की शुरूआत करेंगे, जिसके माध्यम से देश भर में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को एक निर्णायक बढ़ावा मिलेगा.**

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ केंद्र प्रायोजित योजना पीएम-सेतु का शुभारंभ करेंगे. इस योजना में देश भर में एक हजार सरकारी आईटीआई का हब-एंड-स्पोक मॉडल में उन्नयन करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल हैं. प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा, जिससे उन्नत बुनियादी ढांचे, आधुनिक ट्रेडों, डिजिटल शिक्षण प्रणाली और इनक्यूबेशन




सुविधाओं से युक्त समूह तैयार किए जाएंगे. उद्योग जगत के प्रमुख साझेदार बाजार की मांग के अनुरूप परिणाम-आधारित कौशल विकास को सुनिश्चित करते हुए इन समूहों का प्रबंधन करेंगे योजना के कार्यान्वयन के प्रथम चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

प्रधानमंत्री बिहार की नवीनीकृत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके अंतर्गत हर वर्ष लगभग पांच लाख स्नातक युवाओं को दो वर्ष के लिए एक हजार रुपये का मासिक भत्ता और नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण मिलेगा.

### बिहार में बीजेपी आज करेगी सीट बंटवारे पर चर्चा

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जोरदार तैयारी में जुट गई है. दशहरा खत्म होते ही पार्टी सीटों के बंटवारे पर चर्चा करने की शुरुआत करने वाली है. खबरों के मुताबिक बीजेपी प्रदेश चुनाव समिति की दो दिन की बैठक शनिवार से पटना में होनी है. इसके बाद अगले-दो तीन दिनों में बीजेपी अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों पर चर्चा शुरू करेगी. बिहार बीजेपी की शनिवार और रविवार को पटना में बैठक होगी. बीजेपी के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य और सीआर पाटिल की मौजूदगी में बैठक होगी.

## एक नजर में



### आज सतना प्रवास पर रहेंगे मोहन भागवत

**सतना.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार 4 अक्टूबर को सतना जिले के मैहर पहुंचेंगे. उनके आगमन को लेकर जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ. भागवत सबसे पहले मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दरबार में दर्शन करेंगे. इसके बाद वे ग्राम पतौरा जाएंगे, जहां प्रांत प्रचारक ब्रजकांत के निवास पर कुछ समय के लिए अल्प विश्राम करेंगे. तदुपरांत उनका सतना आगमन होगा, जहां वे सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में ठहरेंगे. रविवार को वे जिले के अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे. उनकी यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है. पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि डॉ. भागवत की सुरक्षा में सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी.

### वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आए 5 किशोर

**कसबा(पूर्णिया).** जोगबनी-कटिहार रेल खंड पर कसबा थाना क्षेत्र के जवनपुर गुमटी के समीप शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे जोगबनी से पूर्णिया की ओर आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार किशोर की मौत हो गई. एक अन्य किशोर बुरी तरह जख्मी हो गए. सभी किशोर बनमनखी प्रखंड के चांदपुर भंगहा के रहने वाले थे. सभी रात में कसबा, मदारघाट मेला देखने आए थे और मेला देख सुबह पटरी के रास्ते ही घर की ओर लौट रहे थे. रेल थाना पुलिस ने सभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत भी मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया है.

### गुस्ताखी माफ





# भारत किसी दबाव के आगे झुकेगा नहीं : पुतिन

- तेल व्यापार पर भारत के फैसले का पुतिन ने किया समर्थन
- पीएम मोदी को संतुलित और समझदार नेता बताया

**मास्को 03 अक्टूबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के तेल व्यापार जारी रखने के फैसले का जोरदार समर्थन किया है.**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें संतुलित और समझदार नेता बताया और अमेरिका पर निशाना साधा, जिसने



भारत पर रूस से तेल आयात रोकने का दबाव बनाया था. सोची में वलदाई डिस्कशन क्लब को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि भारत द्वारा रूसी कच्चा तेल खरीदने का निर्णय राजनीतिक नहीं, बल्कि पूरी तरह आर्थिक है. उन्होंने आगे कि भारत किसी भी बाहरी दबाव के आगे झुकने वाला देश नहीं है. भारत जैसे देश के लोग अपने नेतृत्व के फैसलों पर पैनी नजर रखते हैं और कभी भी किसी तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. और मैं प्रधानमंत्री मोदी को जानता हूं, वह खुद भी कभी ऐसा कदम नहीं उठाएंगे. ये बयान उस वक्त आए हैं, जब कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देते हुए भारत और चीन पर आरोप लगाया था कि वे रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध को आर्थिक मदद दे रहे हैं.

# गुजरात-झारखंड में नए अध्यक्ष

## जगदीश ईश्वर और आदित्य साहू को दी गई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली 03 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने झारखंड और गुजरात में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए हैं. गुजरात की जिम्मेदारी जगदीश ईश्वर विश्वकर्मा को दी गई है तो झारखंड की कमान आदित्य साहू को दी गई है.**

जगदीश ईश्वर विश्वकर्मा गुजरात में राज्यमंत्री हैं. वह गुजरात के निकोल विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक चुने गए हैं. 2012, 2017 और 2022 में के चुनाव में उन्होंने जीत हासिल की. वे गुजरात के सबसे अमीर विधायकों में गिने जाते हैं. उन्होंने



आदित्य | जगदीश ईश्वर

पिछले चुनाव में अपने हलफनामे में 29 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की थी, उनके पेशे की बात करें तो वे कपड़ा मशीनरी निर्माण, डेवलपर्स और इंफ्रा मार्केटिंग से जुड़े हैं. वहीं, आदित्य साहू राज्यसभा सांसद हैं. वह रविंद्र कुमार राय की जगह लेंगे. उन्हें झारखंड बीजेपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है.

### दिसंबर में चार साल बाद भारत आयेंगे पुतिन

**मास्को, 03 अक्टूबर.** रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आयेंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं को बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। उन्होंने कहा, वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नये साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है।

**दुखद** | दुर्गा विसर्जन के दौरान हुआ हादसा, पुलिस ने ड्राइवर को किया गिरफ्तार

# एक साथ 11 का अंतिम संस्कार

**खंडवा. दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चला रहा ड्राइवर दीपक किराड़े फरार हो गया था। पुलिस ने उसे शुक्रवार को उसके मामा के गांव से हिरासत में लिया हैं।**

दीपक ने कहा कि आयोजन समिति वाले ही जबरन मुझे बैक वाटर में ले गए थे। मैं खुद ट्रैक्टर के नीचे 15 मिनट तक फंसा रहा। मेरे सिर में चोट लगी हैं। फिर भी मैंने तीन बच्चों को जिंदा बाहर निकाला हैं। इसके बाद मैं बाहर निकला और वहां से दूर हो गया। इस हादसे में मेरे भतीजे आयुष की भी मौत हो गई हैं। जबकि मेरी चचेरी दो बहनें घायल हैं। बता दें, खंडवा में गुरुवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान डैम के बैकवाटर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से 11 लोगों की जान चली गई थी। ट्रॉली में दुर्गा प्रतिमा के साथ करीब 30 लोग सवार थे। जान गंवाने वालों में 8 साल की बच्ची से लेकर 25 साल तक की महिला शामिल है। पंधाना सिविल अस्पताल से शवों को एक-एक कर एंबुलेंस से गांव लाया गया। संवेदनशील हालात को देखते हुए प्रशासन ने पाडला फाटा में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। मंत्री विजय शाह ने पाडलफाटा में मृतकों के परिजन से घर-घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। हर संभव मदद की जाएगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी गांव पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की।

### पीएम और सीएम ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खंडवा में हुए हादसे में हुई जान-माल की हानि पर किया दुख व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो -दो लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि और घायलों को उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

